हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 24 मई 2025

11 पक्षियों का जीवन बचाना मानवता का प्रथम धर्म ...



12 टीचर व अग्रवाल कॉलोनी, अशोक और देव नगर...



## खबर संक्षेप

### कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा आज झज्जर में

**झज्जर।** शनिवार सांय करीब छह बजे कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा स्थानीय रेवाड़ी रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण देने पहुंचेंगे। ब्राह्मण धर्मशाला के महासचिव पंडित संत सुरेहती ने बताया कि डॉ. अरविंद शर्मा 30 मई को रोहतक के गांव पहरावर में होने वाले राज्य स्तरीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का निमंत्रण देने के साथ-साथ पत्रकारों से भी रूबरू होंगे।

### सीएम से की निष्क्रिय अफसरों की शिकायत

**बहादुरगढ़।** पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने दिल्ली के हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सैनी से भेंट की। उन्होंने बताया कि सीएम जनसंवाद में आमजन की शिकायतों पर कुछ अधिकारियों द्वारा महज कागजी कार्रवाई की जा रही हे। उनके अनुसार कुछ अधिकारी जानबूझकर आमजन को परेशान करते हैं। साधारण कामों के लिए बार-बार चक्कर कटवाते हैं। उन्होंने ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई करने के साथ ही विकास कार्यों में तेजी लाने व अधूरे कामों को जल्द पूरा करवाने की मांग मुख्यमंत्री से की।

### तेज धूप के चलते फिर तापमान पांच डिग्री बढ़ा

**बहादुरगढ़।** बीते दिनों आई आंधी के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी और तापमान 34 डिग्री तक पहुंच गया था। लेकिन शुक्रवार को तेज धूप के चलते तापमान फिर से बढ़ा और 39 डिग्री पर पहुंच गया। दरअसल, बीते कुछ दिनों से इलाके में गर्मी चरम पर थी। लोगों का हाल बेहाल हो गया था लेकिन बुधवार को तेज आंधी आने से मौसम ने करवट बदली और गर्मी से राहत मिली। वीरवार को भी दिनभर हवा चलती रही और अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहा।

# शहर की एचएल सिटी में साकार हुआ किफायती घर का सपना

- राकेश जून ने अफॉर्डेबल ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के फ्लैट की पहली चाबी सौंपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

मध्यमवर्ग के लिए भी शहर की एचएल सिटी में रहने का सपना अब सच हो रहा है। एनसीआर में घरों की बढ़ती कीमतों के बीच एचएल सिटी ने अफॉर्डेबल ग्रुप हाउसिंग के फ्लैटों की चाबी सौंपने की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू कर दी। ग्रुप के चेयरमैन राकेश जून ने यहां बने थ्री-बीएचके के फ्लैट की पहली चाबी रवींद्र और उनके परिवार को सौंपी।

बता दें कि शहर के सेक्टर-37 में स्थित एचएल सिटी अपनी सुंदरता, हरे-भरे सुरक्षित वातावरण और उच्चस्तरीय रहन सहन के लिए विख्यात है। यहां अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग सोसायटी भी बनकर तैयार हो गई है।

शुक्रवार को इन फ्लैट्स की चाबी अलॉटियों को देने का क्रम शुरू कर दिया गया। थ्री-बीएचके फ्लैट नंबर 1210 की चाबी अलॉटी रवींद्र को देते हुए समूह के चेयरमैन राकेश जून ने बताया कि एचएल सिटी में हजारों फ्लैट्स का निर्माण अंतिम चरण में चल रहा है। जबकि पहले से ही हजारों लोग यहां आधुनिक लाइफस्टाइल का आनंद ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि एचएल सिटी में 24 घंटे सुरक्षा और सीसीटीवी सर्विलांस की सुविधा है। चौड़ी और साफ सुथरी सड़कों के दोनों तरफ हरियाली लोगों को आकर्षित करती है।



बहादुरगढ़। रवींद्र के परिवार को फ्लैट की चाबी सौंपते राकेश जून। फोटो : हरिभूमि

### लोगों की हर सुख-सुविधा का ख्याल रखा

एथलेटिक ट्रैक, साइकल ट्रैक, ओपन जिम और पार्क यहां की पहचान हैं। ओलंपिक साइज का स्विमिंग पूल, सबसे बड़ा आधुनिक जिम, मंदिर और जीडी गोयनका स्कूल भी लोगों को यहां आने के लिए मजबूर कर रहे हैं। शहर का सबसे बड़ा मॉल, सिनेमा हॉल, होटल भी यहां के लाइफस्टाइल का स्तर उठाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। राकेश जून के अनुसार लोगों की हर सुख सुविधा का ख्याल रखते हुए एचएल सिटी में निरंतर विकास किया जा रहा है। ये सब सुविधाएं लोगों को एक आरामदायक और सुखद जीवन का अनुभव देने के लिए उपलब्ध करवाई गई हैं। गुणवत्तापरक निर्माण एचएल सिटी की पहचान बन गई है। उन्होंने कहा कि अब एचएल सिटी में लोगों के किफायती घर का सपना साकार हो रहा है। मध्यम वर्ग के परिवारों को बेहतर सोसाइटी लाइफ जीने का अवसर इस योजना के जरिए मिल रहा है। किफायती फ्लैट मिलने के बाद रवींद्र ने कहा कि वे काफी खुश हैं और इसके लिए वे राकेश जून का आभार जता रहे हैं।

## बदमाश रामदत्त पर 34 तो विजय पर तीन आपराधिक केस दर्ज

# एसटीएफ के हत्थे चढ़े रोहित गोदारा गैंग के दो कुख्यात इनामी बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

स्पेशल टास्क फोर्स बहादुरगढ़ को बड़ी सफलता मिली है। एसटीएफ ने विदेश में बैठे गैंगस्टर रोहित गोदारा गिरोह के दो कुख्यात इनामी बदमाशों को बहादुरगढ़ इलाके से गिरफ्तार किया है। इनसे एक अवैध पिस्तौल व चार कारतूस बरामद हुए हैं। इनमें एक बदमाश गुरुग्राम बम धमाके मामले में वांछित है तो दूसरे पर बदमाश पर विभिन्न राज्यों में हत्या, डकैती सहित अन्य तरह के 34 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। दोनों बदमाशों को पूछताछ के लिए पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है।

- एनआईए का वांछित था बदमाश विजय, गुरुग्राम बम कांड में है आरोपी

गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। दरअसल, टीम को सूचना मिली कि गैंगस्टर रोहित गोदारा और वीरेंद्र चारण गैंग के सदस्य विजय और रामदत्त नयागांव में बादली रोड पर पुलिया के पास हैं। अवैध हथियार से लैस ये दोनों बदमाश अपने गैंग में सदस्य जोड़ने और संगठित अपराध की कोशिश में हैं। इस पर टीम तुरंत वहां गई और दोनों बदमाशों को काबू कर लिया। एक बदमाश की पहचान विजय निवासी सौलधा के रूप में हुई। विजय पर दिसंबर 2024 में गुरुग्राम सेक्टर 29 स्थित एक क्लब के बाहर धमाके कराने सहित तीन आपराधिक केस दर्ज हैं। गुरुग्राम पुलिस की ओर से विजय पर 20 हजार का ईनाम रखा गया है। यह एनआईए का वांछित अपराधी है। एनआईए की ओर से भी इस पर पांच लाख रुपये का ईनाम रखने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। पकड़ा गया दूसरा बदमाश रामदत्त राजस्थान के धौलपुर से है। इस पर हरियाणा, यूपी, राजस्थान में हत्या, डकैती, हत्या के प्रयास सहित 34 मुकदमे दर्ज हैं। इस पर भी 25 हजार रुपये का इनाम है। इनके और इनके सरगना रोहित गोदारा तथा वीरेंद्र चारण के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। शुक्रवार को अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिए गए। ये किस मंशा से यहां आए थे और इनके साथ कौन, कौन अन्य शामिल है, आदि के बारे में पुलिस इनसे पूछताछ करेगी। रिमांड अवधि में इनसे कई अहम खुलासों की संभावना है।

### गैंगस्टर रवि गोदारा व वीरेंद्र चारण विदेश में

बता दें कि गैंगस्टर रवि गोदारा व वीरेंद्र चारण विदेश में हैं और वहीं से गैंग चला रहे हैं। सिद्धू मूसेवाला, सुखदेख गोगामेड़ी, राजू ठेहट सहित हत्याओं के कई बड़े मामलों में इनका नाम है। पुलिस को इनपुट है कि विदेश से ही हरियाणा के दर्जनभर से अधिक युवकों के पास इन्होंने रुपये भिजवाए हैं। इन युवाओं से ये हरियाणा में फिरौती, धमकी सहित अन्य संवेदनशील अपराध करवा रहे हैं। जरूरतमंद युवाओं को लालच देकर उनसे सिग्नल एप पर संपर्क करते हैं और हत्या, गोली बामरी तथा रंगदारी जैसी वारदात करवाते हैं।

### पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी

रामदत्त जैसा कुख्यात अपराधी शिकंजे में आना निश्चित ही पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी है, क्योंकि पूछताछ में इससे कई वारदातों के सुलझने की संभावना है। एसटीएफ इंचार्ज राकेश कुमार ने बताया कि रोहित गोदारा, वीरेंद्र चारण गैंग के दो बदमाश गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों ईनामी वांछित बदमाश हैं और विभिन्न राज्यों में इन पर केस दर्ज हैं। इनसे कई अहम खुलासों की संभावना है।



बहादुरगढ़। ओमेक्स के निकट विकास कार्यों का शिलान्यास करते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

## ओमेक्स के निकट एक करोड़ के होंगे काम

**बहादुरगढ़।** विधायक राजेश जून ने शुक्रवार को नियर ओमेक्स सिटी कॉलोनी में एक करोड़ 4 लाख रुपए की धनराशि से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बहादुरगढ़ का विकास तेजी से कराया जा रहा है। सीएम नायब सिंह सैनी के आशीर्वाद से हर दिन हलके में विकास कार्यों की सौगात दी जा रही है। इस अवसर पर एमई जोगेंद्र सिंह सिंधु, जेई नीरज कुमार, जेई आशीष यादव, जेई आकाश, पालेराम शर्मा, युवराज छिल्लर, संजीव सैनी, बलराज दलाल, नरेश छिकारा, सुखबीर फौजी, आशु राठी, लालू बराही, बिजेंद्र कोच, विजय दलाल, सतीश दलाल आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालात में श्रमिक की मौत

**बहादुरगढ़।** एमआईई स्थित एक कंपनी में संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से एक श्रमिक की मौत हो गई। शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। परिजनों के बयान पर घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 27 वर्षीय सन्नी के रूप में हुई है। वह एमआईई स्थित एक कंपनी में काम करता था। वीरवार की सायं संदिग्ध परिस्थितियों में वह छत से गिर गया। इससे उसको काफी चोट आई। अस्पताल में लेकर गए तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर एमआईई चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। शुक्रवार को परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया। परिजनों द्वारा किसी भी तरह के आरोप लगाने की पुष्टि पुलिस की ओर से नहीं की गई है।

## टास्क और लोन के नाम पर महिला से 13 लाख की ठगी

- पीड़िता की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की
- 28 अप्रैल को मेरे व्हाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब संबंधित मैसेज आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर की निवासी एक महिला के साथ दो बार ठगी की वारदात हो गई। शातिरों ने पहले टास्क के नाम पर उसे चपत लगाई और फिर लोन के नाम पर उससे रुपये हड़प लिए। महिला को कुल 13 लाख 17 हजार 975 रुपये की आर्थिक हानि हुई है। पीड़िता की शिकायत पर साइबर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महिला सोना का कहना है कि गत 28 अप्रैल को मेरे व्हाट्सएप पर पार्ट टाइम जॉब संबंधित मैसेज आया। मैसेज में कहा गया कि ऑनलाइन वीडियो देखकर उस पर लाइक करके स्क्रीन शॉट भेजना है। फिर उन्होंने मुझे टेलीग्राम का लिंक भेजा और टास्क देने शुरू कर दिए। कहा गया कि टास्क पूरे करोगे तो आपको प्रोफिट मिलेगा। मैंने उनके द्वारा दिए गए खाते पर रुपये भेजे तो प्रोफिट प्राप्त हुआ। इससे उन पर विश्वास हो गया। इस तरह से वे रुपये मंगवाते रहे। हजारों से शुरू हुआ सिलसिला लाखों रुपये तक जा पहुंचा। लेकिन जब प्रोफिट निकालना चाहा तो सफलता नहीं मिली।

फिर वे कहने लगे कि पहले पांच लाख रुपये और डालो, तभी आपको आपका सारा पैसा मिल सकेगा। मैंने कहा कि मेरे पास और रुपये नहीं है। इसके बाद मैंने गूगल पर लोन के बारे में सर्च किया तो एक नंबर से कॉल आई। कॉलर ने कहा कि आपको लोन की आवश्यकता है तो आप हमारे सीनियर से बात करो। फिर एक अन्य नंबर से कॉल आई और उस शख्स ने कहा कि हम 15 मिनट में लोन कर देंगे लेकिन लोन फाइल के लिए 500 रुपये चार्ज देना पड़ेगा। छह मई को मैंने 500 रुपये भेज दिए। फिर शातिरों ने अलग अलग कारणों का हवाला देकर रुपये मंगवाने शुरू कर दिए। जब तक कुछ समझ में आता, देर हो चुकी थी। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## वायुसेना के जवान ने की आत्महत्या अधिकारियों पर प्रताड़ित करने का आरोप

- बठिंडा के भिसियाना एयरफोर्स स्टेशन पर बतौर क्लर्क कार्यरत था भिंडावास निवासी सोनू यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव भिंडावास निवासी वायु सेना के जवान ने अपने अधिकारियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। भिंडावास निवासी करीब 28 वर्षीय सोनू यादव फिलहाल पंजाब के भिसियाना के एयरफोर्स स्टेशन पर चीफ इंजीनियर विंग में बतौर क्लर्क कार्यरत था और वहां की एमईएस कालोनी के सरकारी क्वार्टर में अपने तीन वर्षीय पुत्र व पत्नी अन्नु यादव के साथ रहता था।



मृतक सोनू यादव का फाईल फोटो

दो रोज पूर्व उसका शव बठिंडा में पड़ा हुआ मिला। विभागीय कार्यवाई पूरी करने और शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शुक्रवार को सोनू यादव का शव उसके पैतृक गांव भिंडावास पहुंचा जहां गमगीन माहौल में सैन्य सम्मान के साथ उसे अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान मृतक के भाई मोनू यादव ने उनके पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी। आत्महत्या से पहले सोनू यादव ने अपने मोबाइल से एक वीडियो भी बनाया जिसमें उसने एयरफोर्स के कुछ अधिकारियों व कर्मचारियों पर उसे व उसके परिवार को परेशान करने का आरोप लगाया है।



झज्जर। पैतृक गांव भिंडावास में जवान का अंतिम संस्कार करते हुए।

## मकान से दस लाख रुपये चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

गांव परनाला में स्थित एक प्रॉपर्टी डीलर के मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में चोरी की वारदात हो गई। किसी अज्ञात ने मकान की अलमारी में रखे दस लाख रुपये साफ कर दिए। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। शिकायत के आधार पर लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात राजबीर के मकान में हुई है। राजबीर का कहना है कि वह पेशे से प्रॉपर्टी डीलर है। उसने अलमारी में कुछ रुपये रखे थे। वीरवार की दोपहर को मैं और मेरी माता राजवंती घर पर थे। करीब एक बजे मैं और माताजी घर से बाहर गए। फिर करीब 15 मिनट बाद आ गए। शाम को हम चले गए। करीब छह बजे माताजी मंदिर गई थी। शाम करीब सात बजे हम आए। अपने पिताजी से एक लाख रुपये रख रहा था। जब अलमारी खोली तो उसमें रखे करीब दस लाख रुपये गायब थे। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। अलमारी की एक चाबी भी गायब है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

### दीवार तोड़कर झुग्गी से रुपये मोबाइल व आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव छारा स्थित एक ईंट भट्ठा परिसर में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोरों ने यहां दीवार तोड़कर एक झुग्गी को निशाना बनाया। मोबाइल फोन व चांदी के आभूषण चुरा लिए। इतना ही नहीं, पाई-पाई जोड़कर गुल्लक में रखे रुपयों पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी मूल के विकास ने कहा है कि वह फिलहाल छारा स्थित एक भट्ठे पर परिसर सहित रहता है। मैंने व परिवार के सदस्यों ने पाई पाई जोड़कर करीब चालीस हजार रुपये गुल्लक में रखे थे। रात को अज्ञात चोर दीवार तोड़कर झुग्गी में घुसे और रुपयों से भरी गुल्लक, तीन मोबाइल, चांदी के मंगलसूत्र, पायल व चुटकी सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर गए। सुबह करीब चार बजे उठे तो दीवार की तरफ हमारी नजर गई। इसके बाद वारदात का आभास हुआ। वारदात से में काफी नुकसान हुआ है। उधर, सूचना पाकर मांडोठी चौकी से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। विकास की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा।

### कपड़े की दुकान में चोरी की वारदात

बहादुरगढ़। वेस्ट जुआं ड्रेन रोड स्थित एक दुकान में चोरी की वारदात हो गई। कुछ महिलाएं दुकान में आई और दुकानदार को बातों में उलझा कर हजारों रुपये के कपड़ों पर हाथ साफ कर गई। जब दुकान संचालक ने सीसीटीवी फुटेज चेक की तो वारदात का पता चला। दुकानदार का कहना है कि पहले दो महिलाएं आई और कपड़े देखने लगी। इसके बाद तीन अन्य महिलाएं, जिन्होंने बच्चों के कपड़े दिखाने को कहा। कुछ देर तक दुकान में रहीं और बिना खरीदारी किए चली गई। बाद में सामान कम मिला तो हमने कैमरे चेक किए। फुटेज में महिलाएं कपड़े चुराती नजर आई हैं। बता दें कि बहादुरगढ़ में इस तरह की वारदात पहले भी हो चुकी हैं। महिलाओं का घिरोह दुकानों में घुसता है और जब दुकानदार सामान दिखाने में व्यस्त होता है तो उसका लाभ उठाकर सामान चुरा लिया जाता है।

## बीपीएल प्लॉटों में लगेंगे पेयजल कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने शुक्रवार को गांव लडरावण में बीपीएल प्लॉटों में पेयजल पाइपलाइन से पानी के कनेक्शन करने के कार्य का शुभारंभ किया। लोगों ने उनसे मिलकर गांव के बीपीएल प्लॉटों में पीने के पानी का कनेक्शन करवाने की मांग की थी। उन्होंने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर पानी के कनेक्शन करने का काम शुरू करवा दिया है। इस अवसर पर एसडीओ संदीप दून, जेई दीपक जेई, सरपंच मनीष, अरुण डागर, मनोज प्रधान, युवराज छिल्लर, रमेश, वजीर, मुकेश, रोहताश, राकेश प्रधान, दीपचंद प्रधान, सोनू व वेद आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। पानी के कनेक्शन करने के कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

### रेवाड़ी रोड, सिलानी गेट, राव तुलाराम चौक, पंचनद चौक और लिंक ड्रेन सहित कई क्षेत्रों का किया दौरा

## फील्ड में उतरे डीसी, शहर की सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

नालों की सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शुक्रवार सुबह शहर की सफाई व्यवस्था और नालों की सफाई कार्य का औचक निरीक्षण करने डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल फील्ड में उतरे। उन्होंने शहर के प्रमुख क्षेत्रों रेवाड़ी रोड, सिलानी गेट, राव तुलाराम चौक, पंचनद चौक और झज्जर लिंक ड्रेन का दौरा किया और नप अधिकारियों से सफाई कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि नालों की सफाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी नालों की सफाई मानसून से पहले हर हाल में पूरी होनी चाहिए ताकि शहर में जलभराव जैसी स्थिति न उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि सफाई का कार्य पूरी गंभीरता से किया जाए व नालों की पूरी गहराई तक सफाई की जाए ताकि बरसाती पानी की निकासी में नालों में जमी गाद समस्या ना बने। उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन स्वयं फील्ड में जाकर कार्य की नालों की सफाई की मॉनिटरिंग करें व सफाई एजेंसियों से नियमित रिपोर्ट लें।



झज्जर। शहर में नालों की सफाई का निरीक्षण करते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो : हरिभूमि



घरेलू मक्खी से करीब 30 बीमारियां हो सकती है।



घोड़ा अपने वजन से पांच गुना अधिक बोझ खींच सकता है।

# लड़कियां आईटीआई में कर सकती हैं कुछ स्पेशल कोर्स



नालेज

यंगभूमि डेस्क

लड़का हो चाहे लड़की, पढ़ाई में अब भेदभाव नहीं रहा है। आज के समय में हर कोई व्यक्ति अपने बच्चों को साक्ष्य बनाना चाहता है यानी कि बच्चों को अच्छा पढ़ाना चाहता है। लड़कियों के लिए विशेष तौर पर कई प्रकार के अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा मौजूद होते हैं। लड़का और लड़की समान रूप से शिक्षा हासिल कर रहे हैं। लड़कियां कुछ ऐसे कोर्स कंप्लीट करके अपने करियर को आगे बढ़ा सकती हैं। करियर बनाने के लिए आईटीआई कोर्स लड़कों और लड़कियों के लिए उचित अवसर माना जाता है आईटीआई कोर्स में लड़कियों के लिए कुछ स्पेशल कोर्स जैसे हेयर डिजाइनिंग कोर्स इत्यादि मौजूद होते हैं।

## लड़कों से कम नहीं लड़कियां

आज के समय में ऐसा माना जाता है कि लड़कियां लड़कों से कम नहीं है ऐसे में लड़कियों के लिए भी अलग से आईटीआई कोर्स उपलब्ध करवाए गए हालांकि इन कोर्सों को लड़के भी कर सकते हैं। लेकिन विशेष तौर से इन कोर्स को लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है। जिसमें से लड़कियां किसी भी एक और को चुनकर अपने करियर को सकते हैं और अपने फ्यूचर में खुद को काबिल बना सकते हैं।

### हेयर एंड स्किन केयर का कोर्स

हेयर एंड स्किन केयर का आईटीआई कोर्स जो विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है इस कोर्स के नाम से ही पता चलता है कि इस कोर्स में लड़कियों की रुचि सबसे ज्यादा होती है। आईटीआई के इस कोर्स के माध्यम से सुंदरता और देखभाल संबंधित महत्वपूर्ण चीजें सिखाई जाती है। मुख्य तौर पर लड़कियां इस प्रकार के कोर्स को करने में अपनी अधिक रुचि दिखाती है और लड़कियों के लिए ही विशेष तौर से यह कोष उपलब्ध करवाया गया है। इस कोर्स को करने के पश्चात लड़कियां ब्यूटी पार्लर में नौकरी कर सकती है और खुद का ब्यूटी पार्लर भी खोल सकते हैं और अपने करियर को एक जगह पर स्टेबल करने में उन्हें मदद मिलती है।

## कढ़ाई एवं सिलाई

लड़कियों के लिए दूसरा सबसे बेहतरीन आईटीआई कोर्स कटाई व सिलाई आईटीआई कोर्स है। इस कोर्स के अंतर्गत सिलाई के विशेष प्रकार के कार्य लड़कियों को सिखाए जाते हैं और साथ ही साथ कढ़ाई के काम भी सिखाए जाते हैं। आज के समय में कटाई और सिलाई की लोकप्रियता तथा डिमांड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में यह आईटीआई कोर्स करके आप किसी भी बड़ी सिलाई या कढ़ाई की फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटिंग का काम कर सकते हैं या फिर अपना खुद का सिलाई व कढ़ाई का काम शुरू कर सकते हैं।

### स्टाइल और फैशन के कोर्स

आईटीआई के बहुत सारे कोर्स है। जिसमें स्टाइल और फैशन के कोर्स भी मौजूद है। आईटीआई के फैशन डिजाइनिंग का कोर्स विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध होता है। इसको उसको करने के पश्चात लड़कियां फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में अपने भविष्य को आगे बढ़ा सकती है। फैशन डिजाइनिंग का आईटीआई कोर्स करने के पश्चात लड़कियां खुद का ब्यूटी पार्लर खोलने के साथ-साथ कई तरह से फैशन डिजाइनर के तौर पर भी नौकरी हासिल कर सकती है। फैशन डिजाइनिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात हर लड़की का भविष्य सिक्योर माना जाता है। क्योंकि आज के समय में फैशन डिजाइनर की डिमांड बहुत ही अधिक है।

## ये कोर्स करियर बनाने में सहायक

### स्टेनोग्राफर

आईटीआई में सबसे लोकप्रिय कोर्स स्टेनोग्राफर का कोर्स माना जाता है। इस स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स करने के पश्चात सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी उपलब्ध होने के चांस बहुत अधिक बढ़ जाते हैं। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात किसी भी पद पर नौकरी हासिल करने के चांस बढ़ जाते हैं। सरकारी विभाग में कई स्टेनोग्राफर के पद पर भर्ती निकाली जाती है। ऐसे में आप यदि आईटीआई कोर्स कर चुके हैं। तो आपको प्रायोरिटी के साथ स्टेनोग्राफर पद पर शामिल होने का मौका मिलेगा स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स है। जिसे लड़के व लड़कियां दोनों करते हैं। लेकिन लड़कियों के लिए यह एक बेहतरीन सुनहरा अवसर माना जाता है। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात आप अपने टाइपिंग स्पीड को बढ़ा सकते हैं और कंप्यूटर टाइपिंग स्पीड अच्छी होने पर हर जगह आप की डिमांड बढ़ जाएगी आज के समय में पूरी दुनिया कंप्यूटर पर ही आधारित है और हिंदी व अंग्रेजी टाइपिंग स्पीड अच्छी है। तो आपको सरकारी जॉब के साथ-साथ निजी क्षेत्रों में भी जॉब के अच्छे अवसर मिलने शुरू हो जाएंगे।

### इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग

आईटीआई का एक कोर्स जिसे मुख्य तौर पर लड़कियां अधिकतर चयन करती है। इस कोर्स के माध्यम से इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग के बारे में विशेष ज्ञान अर्जित करने का मौका मिलता है। लड़कियां इंटीरियर डिजाइन और इंटीरियर डेकोरेशन का काम कर अपने भविष्य के लिए रोजगार के कई सारे अवसर उपलब्ध खुद ही करवा सकते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर दिन प्रतिदिन डिमांड बढ़ती जा रही है और हर जगह बिजनेस हो या घर आंतरिक सजावट और डिजाइनिंग के लिए इंटीरियर डिजाइनर को बुलाया जाता है। ऐसे में यदि आपके पास इंटीरियर डेकोरेशन की कला है और आपने आईटीआई कोर्स कर रखा है। तो आपके लिए जॉब के बेहतरीन अवसर आपके सामने उपलब्ध होंगे।

### हाउसकीपिंग

घर की देखभाल करने के लिए लड़कियां ऐसे भी माहिर होती है। लेकिन यदि हाउसकीपिंग जैसे आईटीआई कोर्स से लड़कियां ज्ञान अर्जित कर लेती है। तो उसके पश्चात घर की देखभाल में उन्हें और भी अधिक सहूलियत हो जाती है। सीधी भाषा में इसका मतलब यह हुआ कि घर की देखभाल करने के लिए जो आईटीआई कोर्स मौजूद है उसे हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स कहा जाता है। आईटीआई कोर्स के माध्यम से लड़कियां भविष्य में प्राइवेट सेक्टर में तो नौकरी हासिल कर सकती है। हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात आपको कहीं भी हाउस कीपर के तौर पर नौकरी मिल जाती है और इसकी सैलरी भी अच्छी मिलती है।

---

नवयुवकों के लिए एक बेहतरीन करियर विकल्प बनकर उभरा

# तकनीक के क्षेत्र में रुचि है तो बनें एथिकल हैकर इंटरनेट को सुरक्षित बनाने में निभाएं अहम भूमिका

**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## डिजिटल सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता

यदि आप तकनीक के क्षेत्र में रुचि रखते हैं और इंटरनेट की दुनिया को सुरक्षित बनाने की चाह रखते हैं, तो एथिकल हैकर बनना एक उत्कृष्ट करियर विकल्प हो सकता है। एथिकल हैकिंग वह विधा है, जिसमें आप कम्प्यूटर प्रणाली की कमजोरियों को खोजकर उन्हें सुरक्षित करने का कार्य करते हैं। यह पेशा आधुनिक युग में बेहद आवश्यक होता जा रहा है, क्योंकि डिजिटल सुरक्षा अब किसी भी देश, संस्था या व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गई है। एथिकल हैकर को 'वाइट हैट हैकर' भी कहा जाता है, जो संगठनों की अनुमति से उनकी वेबसाइट, नेटवर्क और सॉफ़्टवेयर में संभावित खामियों को खोजता है। उनका उद्देश्य इन खामियों का दुरुपयोग नहीं, बल्कि उन्हें ठीक कराना होता है, ताकि कोई दुर्भावनापूर्ण हैकर (ब्लैक हैकर) इनका फ़ायदा न उठा सके। वे परीक्षण के माध्यम से साइबर प्रणाली को सुदृढ़ बनाते हैं और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।






### प्रमुख शैक्षणिक संस्थान और पाठ्यक्रम

#### सरकारी संस्थान

1. **भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर
   पाठ्यक्रमः साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
2. **राष्ट्रीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), तिरुचिरापल्ली
   पाठ्यक्रमः सूचना सुरक्षा में बी.टेक/एम.टेक
3. **भारतीय** सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), हैदराबाद
   पाठ्यक्रमः साइबर सिस्टम और नेटवर्किंग
4. **इंदिरा** गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)
   पाठ्यक्रमः सूचना सुरक्षा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

#### निजी संस्थान

1. वेबसेक लैब्स, बेंगलुरु
   पाठ्यक्रमः एथिकल हैकिंग और पेनिट्रेशन टेस्टिंग
2. अपग्रेड (ऑनलाइन प्लेटफॉर्म)
   पाठ्यक्रमः साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कार्यक्रम
3. एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
   पाठ्यक्रमः बी.टेक इन साइबर लॉ एंड सिक्योरिटी
4. एरेना मल्टीमीडिया
   पाठ्यक्रमः नेटवर्क सुरक्षा और नैतिक हैकिंग में डिप्लोमा

#### वेतन प्रारंभिक स्तर

25,000 – 60,000 प्रति माह
वार्षिकः 3,00,000 – 7,20,000
मध्यम अनुभव (3–5 वर्ष):
80,000 – 1,50,000 प्रति माह
वार्षिकः 9,60,000 – 18,00,000

#### वरिष्ठ स्तर

20 लाख – 40 लाख प्रति वर्ष
1,66,667 – 3,33,333 प्रति माह (लगभग)

#### स्वतंत्र सलाहकार

प्रति प्रोजेक्टः 50,000 – 5,00,000
-यदि 12 प्रोजेक्ट साल में करें तो 6,00,000 – 60,00,000 वार्षिक (अनुमानित)

#### आवश्यक कौशल

⏭। एक एथिकल हैकर को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि तेज विश्लेषणात्मक सोच भी होनी चाहिए।
⏭। उन्हें नेटवर्क सुरक्षा, एनक्रिप्शन, वायरस डिटेक्शन जैसे पहलुओं की गहरी समझ होनी चाहिए। संवाद
⏭। कौशल और नैतिक जिम्मेदारी इस क्षेत्र में विशेष महत्त्व रखते हैं। उन्हें यह भी जानना होता है कि एक
⏭। हमलावर कैसे सोच सकता है। तभी वे सिस्टम को उस स्तर पर सुरक्षित कर पाते हैं। लगातार अपडेट
⏭। रहना और नई तकनीकों को सीखना इस पेशे में जरूरी है। नेटवर्क सुरक्षा और फ़ायरवॉल की समझ
पेनिट्रेशन टेस्टिंग तकनीकें
मैलवेयर विश्लेषण और वायरस डिटेक्शन
प्रणाली और डेटा एनक्रिप्शन
रिपोर्ट लेखन और जोखिम मूल्यांकन

### प्रमुख कार्य क्षेत्र

-**बैंकिंग और वित्तीय संस्थाएं** : ग्राहकों की जानकारी की सुरक्षा
-**सरकारी एजेंसियां** : राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी सूचना संरचना की रक्षा
-**आईटी कंपनियां** : सॉफ़्टवेयर और ऐप की सुरक्षा जांच
-**ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म** : ऑनलाइन भुगतान प्रणाली की निगरानी
-**स्वास्थ्य सेवाएं** : रोगियों के डिजिटल रिकॉर्ड की रक्षा
-**शैक्षणिक संस्थान** : छात्र डेटा और पोर्टल सुरक्षा

### शिक्षा और योग्यता

एथिकल हैकिंग में करियर बनाने के लिए तकनीकी पृष्ठभूमि बहुत ज़रूरी होती है। इसमें कंप्यूटर नेटवर्क, ऑपरेटिंग सिस्टम और प्रोग्रामिंग की समझ होना आवश्यक है। इसके अलावा, साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों की पढ़ाई भी आवश्यक है। छात्र बी.टेक, एम.टेक या डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रमों के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं। साथ ही, कुछ ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। बहु-विषयक समझ और व्यावहारिक अनुभव इस क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं।

**-कंप्यूटर नेटवर्क और ऑपरेटिंग सिस्टम**
**- साइबर सुरक्षा और नैतिक हैकिंग**
**- क्रिप्टोग्राफी और सूचना सुरक्षा**
**- प्रोग्रामिंग भाषाएँ (जैसेः पायथन, सी, जावा)**
**- डेटा संरचना और एल्गोरिदम**

### रोज़गार के अवसर

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

⏭। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ)
⏭। भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी (सीईआरटी-इन)
⏭। बैंकों और बीमा कंपनियाँ
⏭। आईटी कंपनियाँ – टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो
⏭। विदेशी फर्म – गूगल इंडिया, अमेज़न, माइक्रोसॉफ्ट
⏭। स्टार्टअप और फ्रीलांसिंग प्रोजेक्ट्स

### वेतन और संभावनाएं

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

### करियर सलाहकार से लें सलाह

एथिकल हैकिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो न केवल तकनीकी विशेषज्ञता, बल्कि ईमानदारी और ज़िम्मेदारी की भी मांग करता है। यदि आप डिजिटल दुनिया को सुरक्षित बनाने की दिशा में योगदान देना चाहते हैं, तो यह करियर न केवल चुनौतीपूर्ण बल्कि बेहद सम्मानजनक भी हो सकता है। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com**पर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# धैर्य और संयम अनमोल गुण, ये शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में करते मदद



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

युद्ध के मैदान में सैनिकों को अक्सर ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जहां धैर्य और संयम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनते हैं। लंबी प्रतीक्षा, संसाधनों की कमी, अनिश्चितता, और कठिन मौसम जैसी चुनौतियां सैनिकों से धैर्यपूर्ण और संयमित रहने की मांग करती हैं। इसी तरह, छात्रों के जीवन में भी धैर्य और संयम अनमोल गुण हैं, जो उन्हें शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में मदद करते हैं। पढ़ाई के दौरान जटिल विषयों को समझने, लंबे समय तक लगातार मेहनत करने, या परीक्षा में अच्छे अंक न आने पर हार न मानने के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है। युद्ध की ऐतिहासिक कहानियां, जैसे प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध, हमें सिखाती हैं कि जल्दबाजी में लिए गए फैसले अक्सर विनाशकारी साबित होते हैं, जबकि संयम के साथ सही समय पर उठाए गए कदम जीत की ओर ले जाते हैं।

## धैर्यपूर्वक अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल

उदाहरण के लिए, सन त्जु की पुस्तक 'द आर्ट ऑफ वॉर' में बताया गया है कि धैर्यपूर्वक सही अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल आधार है। छात्रों को भी इस सिद्धांत को अपनाना चाहिए। जब वे किसी कठिन अध्याय को समझने में समय लेते हैं या असफलता के बाद दोबारा प्रयास करते हैं, तो धैर्य उन्हें निराशा से बचाता है और आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसके अलावा, संयमित व्यवहार उन्हें तनावपूर्ण परिस्थितियों में शांत रहने और सोच-समझकर निर्णय लेने की क्षमता देता है। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई छात्र परीक्षा की तैयारी में पिछड़ रहा है, तो संयम के साथ समय प्रबंधन और लगातार छोटे-छोटे प्रयास उसे सफलता की ओर ले जा सकते हैं। युद्ध के सबक हमें यह भी सिखाते हैं कि धैर्य और संयम न केवल व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं, बल्कि दूसरों के साथ बेहतर संबंध बनाने में भी सहायक हैं। स्कूल में सहपाठियों के साथ छोटे-मोटे विवादों को सुलझाने या शिक्षकों की सलाह को ध्यान से सुनने में संयम का उपयोग करना छात्रों को एक जिम्मेदार और परिपक्व व्यक्तित्व प्रदान करता है। इस प्रकार, धैर्य और संयम को अपनाकर छात्र न केवल अपनी शैक्षिक यात्रा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि जीवन की हर चुनौती को आत्मविश्वास और शांति के साथ पार कर सकते हैं। युद्ध से मिला यह सबक हमें याद दिलाता है कि कठिनाइयों में धैर्य बनाए रखना और संयमित दृष्टिकोण अपनाना ही सच्ची जीत का मार्ग है।

### योजना बनाना जरूरी

**रणनीति और नियोजन की कला** : युद्ध में सफलता के लिए सटीक रणनीति और नियोजन जरूरी है। प्राचीन ग्रंथ 'द आर्ट ऑफ वॉर' में सन त्जु ने बताया कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पहले उसकी योजना बनानी चाहिए।

**धैर्य और संयम** : युद्ध में सैनिकों को कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना पड़ता है। यह गुण छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण है। परीक्षा की तैयारी, असफलता या मुश्किल समय में धैर्य और संयम से काम लेना उन्हें मजबूत बनाता है।

**साहस और दृढ़ता** : युद्ध में सैनिक असंभव लगने वाली परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते। छात्रों को भी अपने जीवन में साहस दिखाना चाहिए। चाहे वह नई चीजें सीखना हो, असफलता से उबरना हो या चुनौतियों का सामना करना हो, दृढ़ता और साहस उन्हें आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

**टीमवर्क और नेतृत्व** : युद्ध में कोई भी सेना अकेले नहीं लड़ती; यह सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है। छात्रों को भी समूह में काम करने का महत्व समझना चाहिए। स्कूल प्रोजेक्ट्स, खेल या अन्य गतिविधियों में एकजुट होकर काम करने से न केवल सफलता मिलती है, बल्कि नेतृत्व के गुण भी विकसित होते हैं। युद्ध के उदाहरणों से सीखें कि एक अच्छा नेता कैसे अपनी टीम को प्रेरित करता है।

### सामान्य ज्ञान

**1.** गोबर पर उगने वाले कवक कहलाते हैं
(ए) साक्सीकोलस
(बी) टेरीकोल्स
(सी) कोर्टीकोल्स
(डी) कोप्रोफिलस

**2.** निम्न में से किसमें क्लोरोफिल नहीं होता है ?
(ए) शैवाल
(बी) ब्रायोफाईटस
(सी) टैरोडोफाईटस
(डी) कवक

**3.** आलू का लेट ब्लाईट उत्पन्न होता है -
(ए) एल्बयूगो कैंडीडा द्वारा
(बी) फ्यूजेरियम मोनिलीफार्म द्वारा
(सी) फाइटोप्थोरा इन्फेस्टेंस द्वारा
(डी) आल्टनेरिया सोलेनाई द्वारा

**4.** डबल रोटी के निर्माण में काम आने वाला कवक है -
(ए) राईजोफस स्टोलनिफर
(बी) जाइगो सैकरोमाइसीज
(सी) सैकरोमाईसीज सेरेवीसी
(डी) सैकरोमाईकोडिस

**5.** पेनीसीलीयम क्या है ?
(ए) विषाणु
(बी) शैवाल
(सी) कवक
(डी) जीवाणु

**6.** पेनिसिलिन की खोज किसने की थी ?
(ए) चार्ल्स गुडईयर
(बी) माइकल फैराडे
(सी) एलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(डी) विलियम हार्वे

**7.** अर्गोट (**Ergot**) प्राप्त होता है।
(ए) राईजोबियम से
(बी) क्लेवीसेप्स से
(सी) फाइटोमोनौस से
(डी) एलब्युगो से

**8.** औद्योगिक स्तर पर पेनिसिलिन प्राप्त किससे किया जाता है ?
(ए) पेनिसिलियम एक्सपेन्स्म से
(बी) पेनिसीलियम क्राईसोजेनम से
(सी) पेनीसीलीयम नोटेटम से
(डी) पेनीसीलियम क्लेवीफॉर्म से

**9.** यीस्ट में कायिक जनन होता है -
(ए) मुकुलन द्वारा
(बी) एकाईनिटस द्वारा
(सी) एप्लाजोस्पोर्स द्वारा
(डी) एस्कोस्पोर्स द्वारा

उत्तर 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(बी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप

### ट्यूबवेल से मोटर स्टार्टर व केबल चोरी

**रेवाड़ी।** बोड़िया कमालपुर गांव से चोर एक ट्यूबवेल से मोटर स्टार्टर व बिजली की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में रामसिंह ने बताया कि उसका नलकूप नैनसुखपुरा गांव की सीमा में है। चोर रात के समय उसके ट्यूबवेल से एक मोटर का स्टार्टर व 15 मीटर बिजली की केबल चोरी कर ले गए। आसपास पूछताछ करने के बाद भी चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं लगा। जाटूसाना थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### पोक्सो एक्ट के तहत एक आरोपी गिरफ्तार

**खोरी।** थाना खोल पुलिस ने नाबालिग के अपहरण के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। एक गांव निवासी नाबालिग लड़की के घर से लापता होने के बाद पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसके बाद लड़की का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे।

# छात्रों ने महिला पुलिस थाना का शैक्षणिक भ्रमण किया



**झज्जर।** शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए एसीपी अखिल कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिला सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यशैली नशे के दुष्प्रभाव, साइबर क्राइम और महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को महिला थाना झज्जर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कबलाना, डीएवी पब्लिक स्कूल सहित अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने महिला पुलिस थाना का शैक्षणिक भ्रमण करते हुए पुलिस की कार्यशैली को समझा, बल्कि पुलिसकर्मियों से संवाद किया। बच्चों ने जाना कि पीड़ित के थाने पहुंचने के बाद उसे क्या करना होता है। रिपोर्ट कैसे दर्ज की जाती है और महिलाओं से संबंधित समस्याएं कैसे सुनी जाती है। इस दौरान एसीपी अखिल कुमार ने विद्यार्थियों साइबर क्राइम के बारे में बताते हुए कहा कि पहले सुविधाओं का अभाव रहता था परंतु आज का युग तकनीकी युग है। जिस तरह से सुविधा मिलती है, उसी तरह से आप लोग बेहतर परिणाम दे सकते हैं। मोबाइल जितना सुविधाजनक है उतना ही खतरनाक भी है। किसी को ओटीपी न बताएं, किसी लिंक पर लॉग इन न करें। साइबर सुरक्षा के तहत उन्हें साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, साइबर क्राइम पोर्टल, और संचार साथी पोर्टल के उपयोग की जानकारी दी गई ताकि वे ऑनलाइन धोखाधड़ी से सुरक्षित रह सकें। इस दौरान विद्यार्थियों ने बैरक, मैस, हवालात, कार्यालय आदि में भी जाकर व्यवस्थाएं देखीं।

## गर्मियों में पक्षियों के बचाव के लिए 50 जलपात्र रखवाकर समाज को दिया अनूठा संदेश

# पक्षियों का जीवन बचाना मानवता का प्रथम धर्म : रमेश गुलिया

- पक्षियों का जीवन बचाना मानवता का प्रथम धर्म है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास द्वारा पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने की अनूठी पहल की है। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि उन्होंने स्वयं 50 जल-पात्र व अन्न-पात्र साल्हावास गौशाला, गांव की सार्वजनिक जगह और विद्यालय परिसर में रखवाकर समाज में एक अनोखी शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि पक्षियों का जीवन बचाना मानवता का प्रथम धर्म है, इसके लिए उन्होंने नौवीं से



**झज्जर।** पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करते हुए एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया। फोटो :हरिभूमि

बारहवीं कक्षाओं के 1022 विद्यार्थियों और 130 अध्यापकवृन्द को भी अपने घर की छत या आस-पास में पक्षियों के लिए जल-पात्र का प्रबंध करने की शपथ दिलाई ताकि पक्षियों का संरक्षण हो सके। उन्होंने कहा कि इतनी भयंकर गर्मी में प्यासे को पानी पिलाने और भूखे को भोजन खिलाने से बढ़कर इस संसार में पुण्य का काम नही है। हमारी इस छोटी-सी पहल से पक्षियों का जीवन बच सकेगा, जिससे हमारे वातावरण में सुधार होगा। पक्षियों का कलरव और उनकी चहचाहट हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। इनकी आवाज से मन को सुकून मिलता है, वही जीवन में शांति मिलती है। उन्होंने बताया कि एचडी प्रबंधन समिति आरंभ से ही एक अनूठी पहल करने के लिए जानी जाती है। चाहे कारगिल के शहीदों के बच्चों की निशुल्क शिक्षा की बात हो, चाहे कोरोना में पिता को गंवाने वाले बच्चों की बात हो, चाहे बाढ़ से ग्रस्त क्षेत्रों में खाद्य सामग्री पहुंचानी हो या फिर सुनामी पीड़ितों को आर्थिक सहायता देने की बात हो। हर क्षेत्र में उनकी प्रबंधन समिति अग्रणीय रही है।

उन्होंने एचडी परिवार की ओर से सभी क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे पक्षियों के लिए जल-पात्र और अन्न-पात्र की व्यवस्था करें ताकि उनका जीवन सुरक्षित रह सके। इस मौके पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया भी उपस्थित रहे।

## होनहार छात्राओं को किया सम्मानित




**झज्जर।** होनहार छात्राओं के साथ शिक्षक एवं अतिथि। फोटो :हरिभूमि

**झज्जर।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिलानी में शुक्रवार को सम्मान समारोह का अयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्या सुशीला देवी ने बताया कि इसके अलावा दसवीं व बारहवीं कक्षा में मेरिट में जगह बनाने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय इंचार्ज महेंद्र सिंह यादव द्वारा जहां सभी होनहार छात्राओं को सम्मानित किया गया वहीं दसवीं कक्षा की छात्रा प्राची को संस्कृत विषय में शत-प्रतिशत अंक हासिल करने पर संस्कृत अध्यापिका मीना यादव द्वारा प्रोत्साहन राशि देकर पुरस्कृत किया गया।

# डीसी ने मदाना खुर्द में किया ग्रामीणों से सीधा संवाद

- ग्रामीणों से गांव के सौंदर्यकरण के लिए मिलजुल कर आगे आने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

शुक्रवार को गांव मदाना खुर्द में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया गया। डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं का मौके पर समाधान किया। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव का आयोजन जनता से सीधे जुड़ाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने ग्रामीणों से गांव के सौंदर्यकरण के



**झज्जर।** गांव मदाना खुर्द में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए डीसी स्वप्निल रविन्द्र पाटिल।

लिए मिलजुल कर आगे आने का आह्वान किया। वहीं डीसीपी जसलीन कौर ने ग्रामीणों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों को नशा मुक्त जीवन की आवश्यकता और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

### ग्रामीणों ने कार्यक्रम में दिखाई सक्रिय भागीदारी

गांव मदाना खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और अपनी समस्याओं व सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा। मदाना कलां के सरपंच अमित कुमार ने ग्राम पंचायत की तरफ से मांग पत्र डीसी के समक्ष रखा। जिस पर डीसी ने मांगों को सुनने के उपरांत संबंधित विभागों को तुरंत एक्शन लेते हुए मांगों को पूरा करने के निर्देश दिए। कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया व जिन समस्याओं का मौके पर समाधान संभव नहीं था उनके लिए त्वरित आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



**झज्जर।** उत्तीर्ण विद्यार्थियों के साथ विद्यालय संचालिका बिमला यादव।

### सैनिक स्कूल परीक्षा में कैंब्रिज स्कूल के दो विद्यार्थी उत्तीर्ण

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल बिरड़ के दो विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल की परीक्षा में सफलता हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया है। विद्यालय की संचालिका बिमला यादव ने बताया कि उनके स्कूल के चार विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था जिनमें से दो विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में प्रिया व नक्श शामिल हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय संचालिका ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को मिठाई खिलाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रंगोली से प्रकट किया भारतीय सेना के प्रति सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

संस्कारम् इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्र को समर्पित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना का संचार करना और भारतीय सेना के प्रति सम्मान प्रकट करना रहा। स्कूल के प्राचार्य पृथ्वीराज ने कहा कि रंगोली भारतीय सांस्कृतिक लोककला का एक अमूल्य हिस्सा रही है, जो हमारे त्योहारों और विशेष अवसरों पर न केवल सौंदर्य बढ़ाने




**झज्जर।** संस्थान परिसर में रंगोली बनाते हुए विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

का कार्य करती है। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से भारतीय जांबाज सैनिकों के पराक्रम, त्याग और बलिदान को अत्यंत सुंदरता और भावनात्मकता के साथ प्रस्तुत किया। उन्होंने थल, जल और वायु सेना की शौर्यगाथा को रंगोली के माध्यम से दर्शाया। संस्था के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को न केवल रचनात्मक अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करती हैं, बल्कि उनमें राष्ट्रीय भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी जागृत करती हैं। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और अतिथियों ने विद्यार्थियों की रंगोलियों की सराहना की।




**झज्जर।** शिक्षकों के साथ उपस्थित सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के सफल विद्यार्थी।

### सैनिक स्कूल परीक्षा में चार विद्यार्थियों ने पाई सफलता

**झज्जर।** बीकेडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के चार विद्यार्थियों ने सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करके विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। विद्यालय निदेशक जितेंद्र रोहिल्ला ने बताया कि उनके विद्यालय के छात्र साहिल, नीतिका, आदर्श व अर्पित ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस उपलब्धि पर उन्होंने स्टॉफ सदस्यों व अभिभावकों को बधाई देते हुए सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# रंगोली से किया ऑपरेशन सिंदूर के जांबाजों को नमन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में मैं भी प्रहरी कार्यक्रम की कड़ी में तीसरे दिन राष्ट्र को समर्पित और भारतीय सेना की ताकत को दर्शाती रंगोली बनाकर विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर के जाबांजों को नमन किया। एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि पहले दिन जहां प्रार्थना सभा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओत-प्रोत मानव श्रृंखला बनाई, वहीं दूसरे दिन पेंटिंग के माध्यम से इस मुहिम में अपनी भागीदारी निभाई। तीसरे दिन ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवाद को कुचलते हमारे भारतीय जाबांजों की वीरता को दर्शाती रंगोली बनाकर उन्होंने अपने देश प्रेम को दर्शाया। एचडी ग्रुप के सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

## रंगोली बनाकर दर्शाया देश प्रेम



**झज्जर।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बनाई रंगोली के साथ विद्यार्थी एवं शिक्षक।

**झज्जर।** पैरामाउंट स्कूल छुछकवास के विद्यार्थियों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय प्रहरी बनने की शपथ लेते हुए अपने देश और राष्ट्र की रक्षा करने की ठानी। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर रंगोली बनाकर अपने देश प्रेम व देश की सेना के शक्ति प्रदर्शन को दर्शाया। संस्था के निदेशक इंद्रजीत फौगाट ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई रंगोलियों का अवलोकन करते हुए बेहतरीन रंगोली की सराहना की। उन्होंने बताया कि उनके स्कूल के विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भी बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

# बीए के किसी भी विषय में निपुणता हासिल कर उसमें बनाया जा सकता है करियर : डॉ. अमित

- विद्यार्थी नौ जून तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन जारी हैं। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थी नौ जून तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीए एक ऐसा पाठ्यक्रम है जो




**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय। फोटो :हरिभूमि

हमेशा से हमारी उच्च शिक्षा प्रणाली का आधार स्तंभ बना हुआ है। विज्ञान और तकनीक की तेज रफ्तार के बीच भी बीए कोर्स अपनी गहराई, व्यापकता और प्रासंगिकता के कारण आज भी विद्यार्थियों का पसंदीदा विकल्प बना हुआ है। जिले के 12 सरकारी और दो एडिड कॉलेजों में सभी कोर्सों की कुल 7160 सीटें हैं, जबकि इनमें अकेले बीए की 38सौ सीटें हैं, जो कुल सीटों का 53 प्रतिशत हैं यानि बाकी सभी कोर्सों की सारी सीटें मिलाकर भी बीए से कम हैं और सबसे ज्यादा आवेदन बीए के लिए किए जाते हैं। बीए कोर्स में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, पत्रकारिता एवं जनसंचार, समाजशास्त्र, संगीत, मनोविज्ञान, संस्कृत, शारीरिक शिक्षा और रक्षा अध्ययन जैसे विषय शामिल होते हैं। ये विषय विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक दृष्टि से समृद्ध करते हैं, बल्कि उन्हें समाज, संस्कृति और मानव जीवन के विविध पहलुओं की गहरी समझ भी प्रदान करते हैं। बीए के बाद विद्यार्थी बीएड, एमए और पीएचडी के माध्यम से शिक्षण एवं अकादमिक क्षेत्र में जगह बना सकते हैं। यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे और राज्य सेवाओं में बीए के विषय विशेष लाभकारी सिद्ध होते हैं। इसके अलावा बीए के किसी भी विषय में निपुणता हासिल करके उसमें स्वतंत्र करियर बनाया जा सकता है।

## राजकीय विद्यालय मुंडाहेड़ा में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया

# खेलों के साथ शिक्षण क्षेत्र में भी नाम कमा रहीं बेटियां

- विद्यालय पहुंचने पर सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए उनका स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय विद्यालय मुंडाहेड़ा में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना, जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना, जिला परियोजना संयोजक अधिकारी रतींद्र सिंह, खंड संसाधन समन्वयक हरिओम व क्लस्टर हेड वेद प्रकाश, यादव



**झज्जर।** होनहार छात्रा को सम्मानित करते हुए अतिथि एवं शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

महासभा के प्रधान राम अवतार यादव, महेंद्र सिंह यादव, राजेश देशवाल, सुभाष सैनी, जितेंद्र रोहिल्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्कूल प्राचार्य सतबीर सिंह ने विद्यालय पहुंचने पर सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान दसवीं व बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में मेरिट हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। 97 फीसदी अंकों के साथ प्रथम रहने वाली छात्रा भूमिका को सम्मानित करते हुए यादव महासभा के प्रधान रामअवतार यादव ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं है। वे खेलों के साथ-साथ शिक्षण क्षेत्र में अग्रणी भूमिका रही हैं। सिर्फ आवश्यकता है तो थोड़े से प्रोत्साहन की।

### कड़ी मेहनत के बगैर मुकाम हासिल करना आसान नहीं

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए कहा कि कड़ी मेहतन के बगैर कोई भी मुकाम हासिल करना आसान नहीं होता। यह न केवल गांव के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गौरवमयी क्षण है। उन्होंने विद्यालय स्टॉफ सदस्यों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई का पात्र बताया। इस मौके पर जिला पार्षद संजय, सरपंच सतबीर , पूर्व सरपंच पुष्कर, सुमित कुमार, मास्टर रणसिंह, मास्टर सूबे सिंह, मास्टर मक्खन लाल, सदाराम, राकेश, मास्टर सहदेव , डॉ. प्रवीण यादव, धर्मवीर, विजय, रेढ़ूवास ग्राम सरपंच अमन शर्मा व कोंढ़ावली से सरपंच सोनू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




**झज्जर।** मैं भी प्रहरी विषय पर विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली। फोटो :हरिभूमि

### रंगोली के माध्यम से दिया बाल प्रहरी बनने का संदेश

**झज्जर।** संस्कारम पब्लिक स्कूल मे शुक्रवार को विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से राष्ट्र के बाल प्रहरी बनकर मानवता का संदेश दिया। आतंकवाद के खिलाफ भारतीय सेना के शौर्य को नमन करने के उद्देश्य से चलाये गए साप्ताहिक कार्यक्रम के तीसरे दिन स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगोली बनाकर बाल प्रहरी बनने की शपथ ली। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के संदेशों को रंगोली के माध्यम से सजाकर देश के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके अलावा स्कूल परिसर में मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने देशभक्ति की भावना से छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव की भावना को जागरुक करने के लिए विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है।

**सूचना**

हम, विनोद पुत्र गंगाराम व श्रीमती अनीता पत्नी विनोद निवासी गांव कुलाना, तहसील व जिला झज्जर बयान करते हैं कि हमारी पुत्री लता हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिए हम उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। उसके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अथवा अनैतिक कार्य की भी हमारी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सत नारायण राठी पुत्र श्री सही राम निवासी मकान नंबर 28/15, 8 बिसवा जटवाडा मौहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र साहिल राठी व पुत्रवधु संगम मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप



## बराही में टॉपर छात्राओं को किया सम्मानित

**बहादुरगढ़।** गांव बराही के राजकीय कन्या हाई स्कूल में दसवीं कक्षा की परीक्षा में मेरिट लाने वाली व कक्षा में टॉप करने वाली छात्राओं का सम्मानित किया गया। ग्रामवासियों ने छात्राओं के सम्मान में गांव में रैली भी निकाली। समारोह में जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर ने प्रथम स्थान पर रही जन्नत, द्वितीय रही मुस्कान दूसरे और तीसरे स्थान पर रही भूमिका को सम्मानित किया। उन्होंने मेरिट में आने वाली छात्राओं को भी सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। प्राचार्या प्रेम देवी ने बताया कि स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा।



## साथी अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

**झज्जर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के साथी अभियान के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर द्वारा शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन जिला एडीआर सेंटर में किया गया। कार्यशाला में सीजेएम विशाल ने सभी उपस्थित अधिकारियों और प्रतिभागियों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में उन बच्चों की पहचान करें जिनके अभी तक आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र नहीं बने हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्य विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा और वंचित बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पेंटिंग से उकेरा ऑप्रेशन सिंदूर और सेना का शौर्य

**झज्जर।** एमआर स्कूल हसनपुर में शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर और भारतीय सेना के शौर्य को केंद्र में रखकर विद्यार्थियों ने पेंटिंग्स बनाकर देश प्रेम को दर्शाया। प्रार्थना सभा में रामेहर लोहान ने जहां प्रेरणादायक और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी वहीं ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा आरजू ने विद्यार्थियों को देशभक्ति की शपथ दिलाई। विद्यालय की निदेशिका संगीता कोडान ने कहा ऐसी गतिविधियां बच्चों में संवेदनशीलता और राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना को जागृत करती हैं।




### बार-बार शिकायत करने पर भी समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा

# टीचर व अग्रवाल कॉलोनी, अशोक और देव नगर में भरा गंदा पानी

### लोग घरों में बाहर निकलने को कतरा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर की कई कॉलोनियों की भांति टीचर कॉलोनी में भी लंबे समय से सीवर लाइन ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई है। अशोक नगर के हालात भी ऐसे ही बने हुए हैं। विभागीय अधिकारियों को बार-बार शिकायत करने पर भी समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है।

देव नगर, अग्रवाल कॉलोनी, टीचर कॉलोनी व अशोक नगर आदि इलाकों में सीवर लाइन ओवरफ्लो की समस्या ने स्थानीय निवासियों का जीना दूभर कर रखा है। लोग अपने घरों में बाहर निकलने के लिए कतरा रहे हैं। इन कॉलोनियों में लोग महीनों से दूषित जलभराव से परेशान हैं। लेकिन संबंधित विभाग से लेकर शासन तक निष्क्रिय है। सोमबीर दहिया, कृष्ण गर्ग, रवींद्र गुप्ता आदि लोगों ने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग को लगातार शिकायतें दी जा रही हैं। लेकिन, अधिकारियों की ओर से आश्वासन के सिवाय कोई समाधान नहीं हो रहा है। नाराजगी जताने पर विभाग के कर्मचारी आते हैं, मौके पर औपचारिकता निभाकर चले जाते हैं और एक दो दिन बार फिर से समस्या शुरू हो जाती है। इन कॉलोनियों में घरों के बाहर दूषित पानी भरने से बीमारी फैलने का भी खतरा बना हुआ है।


**बहादुरगढ़।** टीचर कॉलोनी की गली में भरा सीवर का गंदा पानी।

# ऑपरेशन सिंदूर भारत की वैश्विक नेतृत्व क्षमता का प्रतीक : नीलम अहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

शुक्रवार को भाजपा डीघल मंडल की बैठक गांव बहराणा के राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित की गई। जिसके उपरांत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। आयोजन में राष्ट्रभक्ति, संगठनात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक गौरव का भव्य संगम देखने को मिला। कार्यकर्ताओं और नागरिकों में देशभक्ति का उत्साह देखते ही बना। तिरंगा यात्रा के दौरान देश के लिए शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि दी गई और जनसमूह ने भारत माता के जयकारों के साथ तिरंगे को नमन किया। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नीलम अहलावत ने कहा कि हवाओं से नहीं, शहीदों की सांसों से तिरंगा फहराता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य मिशन नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता, नेतृत्व कौशल और मानवीय दृष्टिकोण का प्रतीक है। दुनिया को यह संदेश गया है कि भारत अपने हर नागरिक के सम्मान और सुरक्षा के लिए हर सीमा लांघने को तैयार है। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप अहलावत, संजय कबलाना, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष राम अहलावत, मंडल अध्यक्ष बुद्धराम, जिला उपाध्यक्ष सीमा दहिया, दीपक राज्यान, विनोद शास्त्री, पूर्व चेयरमैन मनीष नंबरदार, योगेश अहलावत सहित अन्य भी मौजूद रहे।


**बेरी।** बरहाना गांव में तिरंगा यात्रा निकालते हुए भाजपाई।

# नूना माजरा में समझाए यातायात नियम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव नूना माजरा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे में सेमिनार का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा सेल के इंचार्ज इंस्पेक्टर सतीश कुमार व व समाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र दहिया ने छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी। प्राचार्या पूनम मक्कड़ की अध्यक्षता व संयोजिका मंजू गुलिया की मौजूदगी में छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों की शपथ भी दिलाई।


**बहादुरगढ़।** जागरुकता सेमिनार में उपस्थित छात्राएं।

# रंगोली बनाकर सैनिकों को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहादुरगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, स्काउट एंड गाइड, स्टूडेंट पुलिस कैडेट और एनसीसी के कैडेट्स द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर भारतीय सेना के शौर्य के प्रति अपनी समर्पण भावना को प्रदर्शित किया गया।

शिक्षा विभाग द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्र के प्रहरी नामक अभियान के समापन पर विद्यार्थियों ने देश के वीर सैनिकों को नमन किया। छात्र-छात्राओं ने विपरीत परिस्थितियों में भारतीय सेना को अपना सहयोग देने की शपथ ली। स्कूल की फाइन आर्ट्स प्रवक्ता रश्मि वर्मा के साथ छात्राओं द्वारा रंगोली के माध्यम से देशभक्ति की भावना को उकेरा गया। तीन दिन चली गतिविधियों में शारीरिक शिक्षक विजय, स्काउट एंड गाइड के इंचार्ज प्रवीण जाखड़, सुमित्रा तेवतिया, अनिल अहलावत, एनएसएस इंचार्ज राकेश वत्स, एसपीसी इंचार्ज पवन काजला आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रधानाचार्य मंजू रानी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करके देश के प्रति समर्पण भावना का प्रदर्शन करना चाहिए।



**बहादुरगढ़।** सैनिकों के सम्मान में बनाई रंगोली के साथ रश्मि वर्मा व अन्य।


**बहादुरगढ़।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल को गुलदस्ता भेंट करती चेयरपर्सन सरोज राठी।

## चेयरपर्सन ने की डीसी से मुलाकात

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने जिला उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान चेयरपर्सन सरोज राठी ने जिला उपायुक्त को नगर परिषद बहादुरगढ़ द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों तथा मौजूदा समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने डीसी को सफाई व्यवस्था, नप की ग्रांट, मेन बाजार में सार्वजनिक शौचालय बनवाने, हशविप्रा द्वारा अधिग्रहण की गई परिषद की भूमि की मुआवजा राशि जल्द दिलवाने आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

# भारतीय महिला कुश्ती टीम का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय महिला कुश्ती टीम का चयन शुक्रवार को दिल्ली में हुआ। दस चयनित पहलवानों में हरियाणा की 4, दिल्ली की 3, महाराष्ट्र की 2 और गुजरात की एक पहलवान है। हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव डॉ. राकेश सिंह ने भी इस मौके पर महिला पहलवानों को प्रोत्साहित किया।

भारतीय महिला कुश्ती टीम के 50 किलोग्राम में विनिता (हरियाणा), 53 किलो में हीना बैन (गुजरात), 55 किलो में रीना (हरियाणा), 57 किलो में नेहा शर्मा (दिल्ली), 59 किलो में तन्वी (महाराष्ट्र), 62 किलो में प्रगति (महाराष्ट्र), 65 किलो में शिक्षा (दिल्ली), 68 किलो में सृष्टि (दिल्ली), 72 किलो में ज्योति (हरियाणा) और 76 किलो में प्रिया (हरियाणा) का चयन हुआ है। हरियाणा रेसलिंग एसोसिएशन के महासचिव डॉ. राकेश सिंह सांगवान ने बताया कि वियतनाम में 18 से 26 जून तक होने वाली अंडर-23 एशियन चैंपियनशिप में यह टीम भाग लेगी। उन्होंने सभी पहलवानों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि लड़कियां निरंतर अपनी प्रतिभा से लोगों को अपनी भेदभाव वाली सोच बदलने के लिए विवश कर रही हैं। लड़कियां अब अखाड़े व मैट पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया को धूल चटा रही हैं।


**बहादुरगढ़।** महिला पहलवानों का उत्साह बढ़ाते राकेश कोच व अन्य।

# बीआरसी शेर सिंह बने बीईओ


**बहादुरगढ़।** शेर सिंह को बीईओ बनने पर बधाई देते शिक्षाविद।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शिक्षा विभाग द्वारा की गई पदोन्नति के बाद शुक्रवार को बीआरसी शेर सिंह ने खंड शिक्षा अधिकारी बहादुरगढ़ का कार्यभार संभाल लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने भी कप्तान सिंह, ऋषि सहरावत, मंजू रानी, पूनम मक्कड़, सुरेश सैनी और सतीश शर्मा आदि ने बीईओ बनने पर शेर सिंह को बधाई दी। विदित है कि शेर सिंह ने 9 वर्ष साइंस मास्टर और 9 वर्ष मुख्य अध्यापक के पद पर सेवाएं दी। फिर 13 साल तक प्राचार्य और 2 साल से बीआरसी के पद पर सेवारत हैं। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस मौके पर संजय, जयपाल, अशोक, कर्ण सिंह, प्राचार्य संजय राठी, रवि धनखड़, मूर्ति देवी, प्रमोद शर्मा, सरोज, कर्मबीर तहलान, विजय खत्री, सुरेश, सुमित्रा व सविता मुदगिल आदि ने उन्हें बधाई दी।

# बाल विकास में जगाई पर्यावरण की अलख



**बहादुरगढ़।** बाल विकास स्कूल में पौधे लगाते बच्चे, अधिकारी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया गया। मिशन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. अजय जैन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ अजय बूरा, जेई सोनू व क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट से जुड़े वजीर सिंह दहिया ने बच्चों को जल संरक्षण तथा पर्यावरण के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रांगण में पौधारोपण भी किया गया। डॉ अजय जैन ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए। हर व्यक्ति को कम से कम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए। एसडीओ अजय बूरा व जेई सोनू ने बच्चों को पानी बचाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को जल संरक्षण में योगदान देने की शपथ भी दिलाई।

# पीएम की मन की बात सुनने के लिए दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मांडोठी मंडल की बैठक शुक्रवार को सेक्टर-2 स्थित कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक व मांडोठी मंडल अध्यक्ष महावीर दलाल ने की।

दिनेश कौशिक ने कार्यकर्ताओं से मन की बात कार्यक्रम के दिन अपने बूथ पर सक्रियता बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि 25 मई को प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। जिसे लेकर पूरे मंडल के बूथ स्तर पर सुने जाने को लेकर तैयारी की गई है। पीएम नरेंद्र मोदी का यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जनता से संवाद में वे समाज के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखते हैं। कौशिक ने कहा कि यह कार्यक्रम हर बूथ पर देखा जाना चाहिए। पीएम का संबोधन आमजन को प्रेरणा देता है। हर इलाके में एक जगह इकट्ठा होकर कार्यकर्ता पीएम के मन की बात सुनें। आमजन को भी इस कार्यक्रम को सुनने के लिए प्रेरित करे। बैठक में भाजपा के विभिन्न प्रकल्पों के पदाधिकारी मौजूद रहे।


**बहादुरगढ़।** बैठक में कार्यकर्ताओं से चर्चा करते दिनेश कौशिक।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900


**बहादुरगढ़।** बिना बैग के पढ़ने आए फाउंडेशन स्कूल के विद्यार्थी।

## फाउंडेशन स्कूल में मनाया बैग लैस डे

**बहादुरगढ़।** फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 'बैग लैस डे' का सफल आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को मानसिक तनाव से मुक्त करने और सीखने की वैकल्पिक व रोचक विधियों को प्रोत्साहित करने के लिए यह आयोजन किया गया। शुक्रवार को छात्र बिना बैग लिए स्कूल में आए और पारंपरिक पढ़ाई के स्थान पर विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का हिस्सा बने। स्कूल में कहानी वाचन, योग कक्षा, नृत्य व खेल आदि गतिविधि हुई। शिक्षकों ने बच्चों को जीवन कौशल, नैतिक मूल्यों और संवाद कौशल से जुड़े विभिन्न विषयों पर संवादात्मक तरीके से शिक्षित किया। प्रधानाचार्या मोनिका राठी ने बताया कि इस प्रकार की पहल से बच्चों में सीखने के प्रति रुचि बढ़ती है और यह उन्हें समग्र विकास की ओर प्रेरित करती है।

### पहले दिन हुई आठ नलबंदी

# सीएचसी डीघल में नलबंदी ऑप्रेशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सीएचसी डीघल में महिलाओं को नजदीकी सुविधा देने के लिए शुक्रवार को ट्यूबेक्टमिक ऑप्रेशन की शुरूआत की गई। सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि नई शुरुआत करने के लिए किसी खास मौके का इंतजार नहीं करना चाहिए बल्कि काम पूरा होते ही उसे शुरू कर देना चाहिए। सीएचसी डीघल क्षेत्र की महिलाओं को पहले इस प्रकार के ऑप्रेशन के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल आना पड़ता था लेकिन अब सुविधा शुरू होने से वे अपने क्षेत्र की सीएचसी में ही आसानी से नलबंदी ऑप्रेशन करा सकेंगी। सीएचसी डीघल के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर नरेश कुमार ने बताया कि पहले दिन नलबंदी के आठ सफल ऑप्रेशन किए गए। इस उपलब्धि पर सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने नलबंदी टीम में शामिल सर्जन डॉक्टर अजय धनखड़, सीएचसी एसएमओ एनेस्थीसिया डॉक्टर नरेश कुमार, डॉक्टर कनुप्रिया, डॉक्टर आकृति, नर्सिंग ऑफिसर रेनू, नर्सिंग ऑफिसर स्नेह, नर्सिंग ऑफिसर योगिता एवं ओटीए अमित कुमार को बधाई दी। इस मौके पर अकाउंटेंट भगवत, नर्सिंग ऑफिसर सुबे सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


**झज्जर।** नलबंदी का ऑप्रेशन करते हुए चिकित्सक।